**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## श्री जैम्बी भल्ला की संकर नस्ल की बछिया को सर्वोत्तम पशु

पंतनगर। 12 अक्टूबर 2025। विश्वविद्यालय में चल रहे चार–दिवसीय किसान मेले के तीसरे दिन आज पशुचिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय के प्रांगण में पशु–प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें पशुपालकों ने अपने पशुओं का प्रदर्शन किया। इस पशु–प्रदर्शनी में श्री जैम्बी भल्ला पुत्र श्री जसपाल भल्ला, रूद्रपुर, के संकर नस्ल की बछिया को सर्वोत्तम पशु घोषित किया गया, जिसे विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं कपकोट के विधायक श्री सुरेश गढ़िया ने रिबन बांधकर सुशोभित किया। इस पशु–प्रदर्शनी के संयोजक, अधिष्ठाता पशुचिकित्सा डा. ए.एच. अहमद एवं सह संयोजक डा. राजीव रंजन कुमार थे। निर्णायक मण्डल में डा. शिव कुमार, डा. डी. कुमार, डा. आर.एस. बरवाल, डा. बी.एन. शाही, डा. निधि अरोरा एवं डा. ए.के. घोष थे। इस कार्यक्रम में डा. अमित प्रसाद, डा. सुधीर, डा. आर.के. शर्मा, डा. दिशा पंत, डा. राजेश एवं तृतीय एवं चतुर्थ के विद्यार्थियों ने सहयोग दिया। इस अवसर पर कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को पशुओं की अच्छी नस्ल के बारे में सुझाव दिये। कार्यक्रम के अंत में पशुपालको को पशु स्वास्थ्य संबंधित किट एवं मिनरल मिक्चर निःशुल्क बांटे गये।

